नागपूर शिक्षण मंडळ द्वारा संचालित

# श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय

**NAAC 4th Cycle Accredited B++ Grade with CGPA-2.83**



## विवरण पत्रिका
## PROSPECTUS
2025-2026

**कला शाखेकरिता प्रवेश देणे सुरु आहे**

# इयत्ता ११, बी.ए. प्रथम वर्ष व एम. ए. हिन्दी साहित्य

**विशेष प्रशिक्षण केंद्र** - खो-खो, कब्बडी, ॲथलेटीक्स

**विविध सर्टीफिकेट कोर्सेस उपलब्ध**

## विशेष प्रशिक्षण :

''स्वरा'' संगीत ॲकेडमी - शास्त्रीय व सुगम संगीत प्रशिक्षण केंद्र

डिजीटल बने - **एम.एस. ऑफीस, कॉम्प्युटर कोर्स, वेब डिझाईनिंग कोर्स, डि.टी.पी., टॅली**

ध्येय ॲकेडमी - स्पर्धा परिक्षा मार्गदर्शन केंद्र

प्रोजेक्ट पार्थ - चिटणविस ट्रस्टच्या माध्यमातुन लघु व गृह उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

इन्टर्नशिप - आरोह संस्थेत शिवणकामाचे व्यवसायिक प्रशिक्षण

Spoken English Classes

**Training & Placement -**

- LIC of India द्वारे बीमा सखी योजने अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण व रोजगाराची हमी
- SBI Life मध्ये SBI Life Mitra व Development Manager पदावर नियुक्तीची संधी
- Stop Cancer Mission मध्ये - Professional Cancer Counsellor पदावर नियुक्तीची संधी
- Ankhub Technology Services मध्ये Business Development Executive पदावर नियुक्तीची संधी

## विषय

**मराठी, हिंदी, इंग्रजी, संस्कृत, मानसशास्त्र, राज्यशास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, तर्कशास्त्र, गृहव्यवस्थापन, वस्त्रशास्त्र, भारतीय संगीत, फॅशन डिझाईनिंग, कम्युनिकेटीव्ह इंग्लिश, पर्यावरण आणि शारीरिक शिक्षण**

• संपर्क •
0712-2722860

Email : sbmm1961@gmail.com
Website : www.binzanimahilamahavidyalaya.edu.in

## Skill Development Training Programs running in College Through NSDC and CSR as per NEP

| Sr.No. | Sector | Name of Course | Funded By |
|---|---|---|---|
| 1. | Apparel | Assistant Designer - Fashion, Home & Made-ups (Fashion Designer | NSDC |
| 2. | Beauty and Wellness | Cosmetology (Beauty Parlour) | NSDC |
| 3. | Textile | Jute Bag Making | SIDBI |
| 4. | Health Care | General Duty Assistant Training (Nursery Assistant) | NSDC |
| 5. | Economy | Food Processing & Baking | NSDC |
| 6. | Textile | Fabric Painting | Pedilite Fevicryl |
| 7. | IT | Certificate Course in Basic Computers | Masoom |
| 8. | IT | Certificate Course in Desk Top Publishing | NIIT Foundation |
| 9. | IT | Concepts and Modules in Tally | NSDC |
| 10. | Language Skills | Certificate Course in English Writing & Speaking | Chitanvis Trust CSR Funded |
| 11. | Employability Skills | Certificate course in Personality Development & Soft Skill | Chitanvis Trust CSR Funded |

# नागपूर शिक्षण मंडळ

नगर के शिक्षण क्षेत्र में अग्रगण्य 'नागपूर शिक्षण मंडळ' का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

सन 1869 से ही विविध शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर राष्ट्रीय विचारधारा वाली इस संस्था ने सन 1932 में अपने आपको 'नागपूर शिक्षण मंडळ' के रूप में पंजीकृत किया। विद्यार्थियों को शिक्षा का केन्द्र बिंदु मानकर, उनके हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह संस्था शिक्षा क्षेत्र में निरंतर अपना योगदान देती आयी है। अपनी निष्ठा, लगन एवं सकारात्मक चिंतन के फलस्वरुप ही 'नागपूर शिक्षण मंडळ' विदर्भ के सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपना विशिष्ट महत्व बनाए हुए है।

निम्न संस्थाओं का संचालन मंडल द्वारा किया जाता है, जिनके माध्यम से पूर्व प्राथमिक से स्नातकोत्तर पदवी तक की शिक्षा दी जाती है –

| संस्था का नाम | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| श्री दादासाहेब धनवटे नगर विद्यालय | 1869 |
| श्री बिंझाणी नगर महाविद्यालय | 1930 |
| श्री मथुरादास मोहता विज्ञान महाविद्यालय | 1949 |
| श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय | 1961 |
| श्री रमेश चांडक इंग्लिश स्कूल | 1973 |

छात्रों से किसी भी प्रकार का अनुदान लिये बिना ही संस्था की उत्तरोत्तर प्रगति करना मंडल की कार्यकारिणी का संकल्प है।

साथ ही अनेक योजनाएँ मंडल के सामने हैं किंतु नियमों के अंतर्गत व नैतिकता के साथ ही उन्हें पूरा करने का 'नागपूर शिक्षण मंडळ' का निश्चय है।

शिक्षा प्रसार के इस महान कार्य में मंडल को सदैव आपका सहयोग अपेक्षित है।

श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय रा.तु.म. नागपुर विद्यापीठ से संलग्न तथा महाराष्ट्र राज्य उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडळ से मान्यता प्राप्त है। इस महाविद्यालय में कक्षा ग्यारहवी से बी.ए. पदवी तक की शिक्षा दी जाती है। अध्ययन काल में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

महाविद्यालय में कार्यरत सभी विषयों के अध्यापन के लिये अनुभवी तथा सुविद्य शिक्षक नियुक्त किये गए हैं। अभ्यास एवं अन्य प्रकार की समस्या हल करने हेतु छात्राएँ प्राध्यापक वर्ग की हमेशा मदद ले सकती हैं।

## ••● सुविधाएँ

छात्राओं के बौद्धिक विकास तथा कलात्मक एवं क्रीड़ावृत्ति के विकास हेतु महाविद्यालय में निम्न सुविधायें उपलब्ध हैं :-

1) **ग्रंथालय :** ग्रंथालय में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ महाविद्यालय की सभी पाठ्य पुस्तकें तथा संदर्भ ग्रंथ उपलब्ध हैं। इसके अलावा विभिन्न विषयों तथा क्षेत्रों का दुर्लभ व नूतन साहित्य उपलब्ध है। सामयिक विषय तथा घटनाओं की शास्त्रीय तथा प्रामाणिक जानकारी के लिये मराठी, हिन्दी तथा अंग्रेजी में श्रेष्ठ पत्रिकाएँ, विभिन्न विषयों के विश्वकोष, शब्दकोष, अन्य कोषग्रंथों व Journals का उत्तम संग्रह है। संगीत की छात्राओं के लिये संगीत के रेकॉर्ड्स तथा कॅसेट्स का उत्तम संग्रह है। छात्राओं की सुविधा के लिये प्रश्न बैंक (Question Bank) भी उपलब्ध है।

2) **विद्यार्थिनी उत्कर्ष मंडळ (V.U.M.) :** यह महाविद्यालयीन छात्र संघ (स्टुडेंट्स यूनियन) है। विद्यापीठ नियमों के अनुसार वि.उ.मं. की नियुक्त कार्यकारिणी द्वारा हर सप्ताह छात्राओं के लिये विविध आंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ तथा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इन कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व एवं आयोजन क्षमता का विकास होता है।

   छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना इस मंडल का ध्येय है।

3) **दीपकळी :** महाविद्यालयीन छात्राओं की साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक पत्रिका 'दीपकळी' हर वर्ष प्रकाशित होती है। छात्राओं का एक संपादक मंडल सत्र के आरंभ में ही गठित किया जाता है, जो 'दीपकळी' से संबंधित कार्य करता है। वैचारिक व लेखन कौशल वृद्धि का यह द्योतक है।

   दीपकळी में 4 भाषाओं की रचनाएँ शामिल होती हैं - मराठी, हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत। नागपुर विद्यापीठ की वार्षिक स्पर्धा में 'दीपकळी' ने अनेक पारितोषिक प्राप्त किये हैं। इसमें छात्राएँ अपने मौलिक लेख, कहानियाँ, कविताएँ तथा अन्य रचनाएँ दे सकती हैं।

4) **वार्षिक स्नेह सम्मेलन (SBMM UTSAV) :** छात्राओं के सुप्त गुणों को विकसित करने हेतु तथा उनमें संगठन क्षमता निर्माण करने के लिए प्रति वर्ष सप्टेंबर अथवा आक्टोबर माह में स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाता है। जिसके अंतर्गत बौद्धिक, सांस्कृतिक व क्रीड़ा स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता है।

5) **क्रीड़ा :** महाविद्यालय का अपना क्रीड़ा मैदान तथा एक अलग क्रीड़ा विभाग है जो बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, हैंडबॉल, फुटबॉल, हॉकी, बुद्धिबल, सॉफ्टबॉल और मैदानी स्पर्धा इत्यादि खेलों में रुचि रखने वाली छात्राओं को खेल की सुविधाएँ प्रदान करता है। क्रिडा विभाग में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय की और से विशेष शिष्यवृत्ती दी जाती हैं।

   ऑब्डॉमिनल बोर्ड, रोऑंग पुली, लेग प्रेस, ट्वीस्टर और वॉकर जैसे आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित लेडीज जिमनेशियम (Gymnasium) की सुविधा भी महाविद्यालय में है।

6) **राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) :** छात्राओं में सेवावृत्ति तथा सामाजिक जागरुकता लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं।

7) **कॅन्टीन :** महाविद्यालय परिसर में अल्पोपहार हेतु कॅन्टीन की व्यवस्था है।

8) **सुसज्जित प्रयोगशालाएँ :** महाविद्यालय में गृहअर्थशास्त्र, मानसशास्त्र, भारतीय संगीत, कम्यूनिकेटिव इंग्लिश व फैशन डिजाइनिंग इन पांचों विषयों के लिए विभिन्न आधुनिक प्रायोगिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएँ हैं।

9) **पालक-शिक्षक समिति :** छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा को जानने हेतु महाविद्यालय में पालक-शिक्षक समिति का गठन किया गया है जिसकी वार्षिक बैठकों में पालकों को संवाद के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत पालक अपनी पाल्या से संबंधित शैक्षणिक समस्याओं की विस्तृत चर्चा करते हैं। महाविद्यालय उन चर्चाओं के अनुरूप समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करता है।

10) **SBMM'S Training & Placement Cell -** महाविद्यालय में BA Degree की पढाई के साथ साथ कौशल्य विकास का भी ध्यान रखा जाता है। भारत सरकार का Shrimati Binzani Mahila Skill Development Centre इस सत्र से विद्यार्थियों को निशुल्क कौशल्य विकास के हेतु महाविद्यालय में ही उपलब्ध है, तथा विविध व्यापारिक व सामाजिक संगठनों से भी समझौता (MOU) के जरिएँ Placement Drives लिए जाते है।

11) **स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन केन्द्र :** महाविद्यालय में स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन केन्द्र भी चलाया जाता है। जहाँ छात्राओं को विभिन्न स्पर्धा परीक्षाओं के लिये तैयार किया जाता है।

12) **ICT Lab** : वर्तमान समय में कम्प्युटर की उपयोगीता को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय में सुसज्ज कम्प्युटर लॅब बनायी गयी है जहाँ छात्राएँ अपने विविध विषयों के पाठ्यक्रम आधारित गृहपाठ पूर्ण करने के लिए भी कम्प्युटर सेवा का उपयोग करती हैं।

13) **English Enhancement Course** : महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा छात्राओं का अंग्रेजी भाषा के प्रति ज्ञान एवं रुचि विकसित करने हेतु एक लाभदायक कार्यशाळा का आयोजन किया जाता है।

14) **COP कोर्सेस :** महाविद्यालय में इस साल से रोजगार प्राप्ती के लिए विद्यार्थियों को सक्षम बनाने हेतु करियर ओरिएन्टेड प्रोग्राम्स (**COP**) कोर्सेस चलाएँ जाएँगे। प्रमाणपत्र विद्यापीठ के विस्तार विभाग से दिए जाएँगे।

15) **एटीट्यूड डेवलपमेंट पर कार्यशाला :** महाविद्यालय द्वारा सभी छात्राओं के लिए अभिवृत्ति विकास कार्यशाला (Workshop on Attitude Development (WAD) लिया जाता है। इसमें संप्रेषण कुशलता के साथ-अभिवृत्ति परिवर्तन आत्म विश्लेषण, लक्ष्य निर्धारण, प्रेरणा एवं GDPI से संबंधित विशेष प्रशिक्षण को भी शामिल किया गया है।

---

महाविद्यालय में अनेक प्रकार की अकैडमी भी चलाई जाती है जिसके अंतर्गत अनेक प्रकार के व्यवसाईक कौशल्य सिखाये जाते है। जिससे आपको नौकरी भर्ती में सुविधा होती है.

**१. डिजिटल बने अकैडमी –** महाविद्यालय के IQAC -ICT CELL द्वारा कम्प्यूटर लैब संचालित की जाती है, जहाँ महाविद्यालय की छात्राओं के साथ साथ पूर्व छात्राएं और अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए MS-Office, Tally एवं DTP इत्यादि कोर्सेस चलाये जाते हैं, इनके लिए न्यूनतम शुल्क लिया जाता है.

**अधिक जानकारी के लिए –** डॉ. अमृता भुस्कुटे से सम्पर्क करें।

**२. स्वरा म्यूजिक अकैडमी –** सुगम संगीत और क्लासिकल म्यूसिक के ६ महीने और १ वर्ष के कोर्सेस चलाये जाते है. जिसमे किसी भी उम्र की केवल महिलाएं एडमिशन ले सकती है।

**अधिक जानकारी के लिए –** प्रा दीपश्री पाटिल से सम्पर्क करें।

**३. ध्येय अकैडमी** (स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन केन्द्र)– सत्र २०२३–२४ में स्पर्धा परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं को महाविद्यालय में ही सुयोग्य मार्गदर्शन मिले इस हेतु से SBMM ध्येय अकॅडमी – स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन केंद्र की स्थापना महाविद्यालय में की गई। नागपूर के सुप्रसिद्ध A Plus Academy के तज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा UPSC, MPSC, SSC, IBPS जैसी सभी स्पर्धा परीक्षा की तैयारी के लिए इस अकॅडमी में नियमित रूप से वर्ग आयोजित किए जाते हैं। अकॅडमी में प्रवेश हेतु 'प्रवेश परीक्षा' का भी आयोजन किया जाता हैं । उत्तीर्ण छात्राओं को उनके प्राप्त गुणों के अनुसार Scholarship दी जाती हैं। समय समय पर होनेवाली स्पर्धा परीक्षाओ संबंधी जानकारी तथा Forms भरने के लिए निशुल्क सेवा दी जाती हैं। Online Exams की भी पूरी तैयारी करवाई जाती हैं।

इसके अलावा कनिष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 'English Speaking' के वर्ग और वरिष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 'Communication Skills' पर प्रमाणपत्र अभ्यासक्रम का आयोजन भी किया जाता हैं। इस में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राऐं तथा अन्य महाविद्यालयों की छात्राएं भी प्रवेश ले सकती हैं।

Dr. Charuta Joshi (Training & Placement Officer) - 9422122900 से सम्पर्क करें।

**४. ताना बाना अकैडमी –** बेसिक टेलेरिग कोर्स , एडवांस टेलेरिग कोर्स यह दो कोर्स चलिए जाते है। इस में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राऐं तथा अन्य महाविद्यालयों की छात्राएं भी प्रवेश ले सकती हैं। यह कोर्स ३० दिनों का है।

**अधिक जानकारी के लिए –** डॉ. शुभांगी कुकेकर से सम्पर्क करें।

**विभिन्न विषयों में पारितोषिक :**

ग्यारहवी से लेकर बी.ए. तक पढ़ाए जाने वाले प्रत्येक विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिये जाते हैं, किंतु इसके लिये दोनों सत्र परीक्षाओं में सभी विषयों में छात्रा को ५० प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

## दानदाताओं के नगद पुरस्कार या स्मृति पुरस्कार निम्नलिखित हैं :-

| क्र. | पारितोषिक का नाम | परीक्षा | विषय | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **इंदुमती कुकडे पारितोषिक** | बारहवीं | मनोविज्ञान | 3500.00 |
| 2. | **डॉ. किशोरी वाळूंजकर पारितोषिक** | बी.ए.पार्ट-१ | मनोविज्ञान | 1000.00 |
| 3. | **डॉ. किशोरी वाळूंजकर पारितोषिक** | बी.ए.पार्ट-२ | मनोविज्ञान | 500.00 |
| 4. | **श्रीमती लक्ष्मीबाई विद्वांस पारितोषिक** | बी.ए.पार्ट-२ | राज्यशास्त्र | 500.00 |
| 5. | **श्री नारायणराव विद्वांस पारितोषिक** | बी.ए.फायनल | राज्यशास्त्र | 500.00 |
| 6. | **रंजना वझलवार पारितोषिक** | बी.ए.फायनल | गृहअर्थशास्त्र | 500.00 |
| 7. | **श्रीमती प्रभावती नि. देव पारितोषिक** | बी.ए.फायनल | तत्वज्ञान | 1500.00 |
| 8. | **श्री रमेश खानझोडे** पारितोषिक | बी.ए.फायनल | मराठी साहित्य सर्वाधिक अंक | 5000.00 |
| 9. | **श्रीमती कै. शांता गोखले स्मृती पुरस्कार** | बी.ए.फायनल | संस्कृत वाङ्मय | 951.00 |
| 10. | **सुशीलकुमार त्रिवेदी पारितोषिक** | बारहवीं | संस्कृत | 1000.00 |
| 11. | **डॉ. उषा पारखी पारितोषिक** | | सर्वोत्कृष्ट संगीत छात्रा के लिए | 500.00 |
| 12. | **स्व. श्री अमर दामले पारितोषिक व ट्रॉफी** | | सर्वोत्कृष्ट छात्रा के लिए | 1000.00 |
| 13. | **प्रभावती सगदेव पारितोषिक** | | दीपकळी के सर्वोत्कृष्ट लेख के लिए | **रनिंग शिल्ड** |
| 14. | **श्री रमेश खानझोडे पारितोषिक** | बी.ए.पार्ट-१,२,३ | संगीत विषयाची शिष्यवृत्ती | 5000.00 |

### आंतर महाविद्यालयीन स्पर्धाएँ

| स्पर्धा का नाम | पुरस्कार |
|---|---|
| 1. सुंदर वक्तृत्व स्पर्धा | 1. रनिंग ट्रॉफी 2. दो नगद पुरस्कार रु.1100, रु.750, रु. 500 |
| 2. रामचंद्र जानकी नागदेव, गज़ल स्पर्धा | 1. रनिंग ट्रॉफी 2. तीन नगद पुरस्कार रु.2500, रु.1500, रु.1200 |
| 3. डॉ. वा.मा. दामले मराठी नाट्याभिनय स्पर्धा | 1. रनिंग ट्रॉफी<br>2. तीन नगद पुरस्कार रुपये 1000, रुपये 750, रुपये 500 |
| 4. ॲड. राजेन्द्र राठी, निबंध स्पर्धा | 1. रनिंग ट्रॉफी 2. दो नगद पुरस्कार रुपये 500, रुपये 125 |

### महाविद्यालयीन स्पर्धा

| स्पर्धा का नाम | पुरस्कार |
|---|---|
| 1. विमल पत्तरकिने, सुगम संगीत स्पर्धा | 1. ट्रॉफी व दो नगद पुरस्कार रुपये 150, रुपये 100 |

Granted Courses — Fees Structure

| Sr.No. | Class | Particulars | Admission Fee | |
|---|---|---|---|---|
| | | | GOI Scholarship Students | Open Category Students |
| 1 | XI | Total Fees | 620/- | |
| 2 | XII | Total Fees Including Exam Fees | 1600/- | |
| 1 | B.A.I. | No Practical | 3443/- | 4243/- |
| 2 | B.A.I. | Practical Subject | 4467/- | 5267/- |
| 1 | B.A.II | No Practical | 3065/- | 3865/- |
| 2 | B.A.II | Practical Subject | 4088/- | 4888/- |
| 1 | B.A.III | No Practical | 3157/- | 3957/- |
| 2 | B.A.III | Practical Subject | 4171/- | 4971/- |
| 1 | M.A.I | Total Fees | 5177/- | 8457/- |
| 2 | M.A.II | Total Fees | 5377/- | 8657/- |

| Non Granted Courses | Additional Fees |
|---|---|
| - Fashion Designing Course | 1500 |
| - Functional English | 1000 |
| - English Literature | 500 |
| - University Exam Fees Charge Extra | |

**Students Grievance Committee**

**Members :**

1. **Dr. Ujwal Lanjewar, Principal - Chairman**
2. **Members from the senior teaching faculty :**
   a. Dr. Deepa Balkhande - Secretary
   b. Dr. Archana Gupta - Member
   c. Dr. Amruta Bhuskute - Member
3. **Member from Non-Teaching Staff :**
   a. Ms. Ragini Kokarde - Non-Teaching Staff Member

## • प्रवेश प्रक्रिया •

**आवेदन पत्र, विवरण पत्रिका के लिये शुल्क**

वरिष्ठ व कनिष्ठ महाविद्यालय के लिये शुल्क 50 रुपये

## • महाविद्यालयीन समय •

| वरिष्ठ महाविद्यालय | कनिष्ठ महाविद्यालय |
|---|---|
| 10.00 a.m. to 3.00 p.m. | 10.00 a.m. to 3.00 p.m. |

## •• प्रवेश हेतु योग्यता

**ज्युनिअर कॉलेज :**

**ग्यारहवीं** : निम्न बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण
महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक शिक्षण मंडल की एस.एस.सी. की परीक्षा
**अथवा**
सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एज्युकेशन (सी.बी.एस.ई.) नई दिल्ली की परीक्षा।

**बारहवीं** : ग्यारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण

**सीनियर कॉलेज :**

**बी.ए.पार्ट-१** (Sem I, Sem II) : महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल की एच-एस.सी. (बारहवीं) परीक्षा अथवा विद्यापीठ द्वारा मान्य अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

**बी.ए.पार्ट-२** (Sem III, Sem IV) : नागपुर विद्यापीठ की बी.ए. पार्ट-1 (Sem I, Sem II) मिलाके पांच विषय उत्तीर्ण होना आवश्यक अथवा विद्यापीठ द्वारा मान्य अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

**बी.ए.पार्ट-३** (Sem V, Sem VI) : नागपुर विद्यापीठ की बी.ए.पार्ट-1 के सभी विषयों में उत्तीर्ण होना आवश्यक व पार्ट-2 (Sem III, Sem IV) मिलाके पाच विषयों में उतीर्ण होना अनिवार्य।

**सूचना** : ए.टी.के.टी. प्राप्त छात्राओं को ई.बी.सी. सुविधा नहीं मिल सकेगी। प्रवेश लेते समय उन्हें सम्पूर्ण शुल्क देना होगा।

**प्रवेश हेतु आवश्यकताएँ :** (ज्युनिअर, सीनिअर कॉलेज में )

1) टी.सी. (विद्यालय अथवा महाविद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र की मूलप्रति)
2) गत परीक्षा की गुणपत्रिका (अंकसूची) : मूल प्रति तथा दो प्रमाणित सत्यप्रति
3) विद्यालय, महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाणपत्र
4) स्टॅम्प साइज फोटो - दो प्रतियाँ
5) निजी तौर से परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाली छात्रा के लिये किन्हीं दो प्रतिष्ठित नागरिकों से चरित्र प्रमाणपत्र
6) प्रवजन प्रमाणपत्र (मायग्रेशन सर्टिफिकेट) : अन्य विद्यापीठ अथवा महाराष्ट्र बोर्ड के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड से आई हुई छात्रा के प्रवजन प्रमाणपत्र के साथ बोर्ड के लिए 100/- तथा 200/- युनिवर्सिटी के लिये।
7) जाति के प्रमाणपत्र की मूलप्रति व सत्यप्रति
8) भरा हुआ हमीपत्र (सीनिअर कॉलेज के लिये)
9) आधार कार्ड की प्रतिलिपि (झेराक्स) आवश्यक है।

| SEXUAL HARASSMENT CELL | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | प्राचार्य **डॉ. उज्वल लांजेवार** | Cell : 9822727665 |
| शिक्षक सदस्य | : | **डॉ. अर्चना गुप्ता** | Cell : 9822691335 |
| शिक्षकेत्तर सदस्य | : | **श्रीमती कल्पना पाटील** | Cell : 9970417370 |
| अशासकीय सदस्य | : | **श्रीमती माधुरी साकुळकर** | Cell : 9850369233 |

•● विषयों का चुनाव : ऐच्छिक विषय Group A और Group C के अनुसार दिए जाएेगे।

## ग्यारहवीं कक्षा

**आवश्यक विषय :** अंग्रेजी (01) मराठी (02) अथवा हिन्दी (04) पर्यावरण शिक्षा, प्रकल्प कार्य, आरोग्य व शारीरिक शिक्षण

**ऐच्छिक विषय :** निम्न 5 ग्रुप में से कोई चार विषय

**मराठी माध्यम**

| Group A सर्व विषय अनिवार्य | कोड नं. | Group B कोणतेही तीन विषय अनिवार्य | कोड नं. | Group C कोणताही एक विषय अनिवार्य | कोड नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्रेजी | 01 | अर्थशास्त्र / इतिहास | 49/38 | तर्कशास्त्र | 47 |
| मराठी | 02 | मानसशास्त्र | 48 | भारतीय संगीत (थियरी) | 65 |
| | --- | राज्यशास्त्र /संस्कृत | 42/33 | भारतीय संगीत (प्रॅक्टीकल) | 67 |
| | | | | गृहव्यवस्थापन | 61 |
| पर्यावरण शिक्षा | --- | | | वस्त्रशास्त्र | 44 |
| आरोग्य व शारिरीक शिक्षण | --- | --- | --- | --- | --- |

**हिन्दी माध्यम**

| Group A सर्व विषय अनिवार्य | कोड नं. | Group B कोणतेही तीन विषय अनिवार्य | कोड नं. | Group C कोणताही एक विषय अनिवार्य | कोड नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्रेजी | 01 | अर्थशास्त्र / इतिहास | 49/38 | तर्कशास्त्र | 47 |
| हिन्दी | 04 | मानसशास्त्र | 48 | गृहव्यवस्थापन | 61 |
| पर्यावरण शिक्षा | --- | राज्यशास्त्र | 42 | वस्त्रशास्त्र | 44 |
| आरोग्य व शारिरीक शिक्षण | --- | | | --- | --- |

**बारहवीं कक्षा के लिये विषय गत (पिछले) वर्ष की तरह रहेंगे**

## एम.ए. हिन्दी

छात्राओं के लिए एम.ए. हिन्दी का अभ्यासक्रम शुरु है। इसमें किसी भी विद्यापीठ से स्नातक परिक्षा उत्तीर्ण छात्राएँ प्रवेश ले सकती है।

अधिक जानकारी रा.तु. म. नागपुर विद्यापिठ के संकेत स्थल (Website) पर उपलब्ध है।

**रहन सहन और उच्च विचार जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं....**

## •• बी.ए. प्रथम वर्ष :

**B.A. Semester 1 :–** आरटीएम, नागपुर विश्वविद्यालय ने सत्र 2024–25 से एनईपी 2020 लागू करने का निर्णय लिया है।

बी.ए. के लिए पात्रता का विवरण सेमेस्टर 1 परीक्षा

बी.ए. के लिए प्रथम सेमेस्टर, परीक्षार्थी को कला संकाय या वाणिज्य संकाय या विज्ञान संकाय, व्यावसायिक स्ट्रीम, व्यावसायिक पाठ्यक्रम या एक परीक्षा में महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड / सीबीएसई / आईसीएसई की 12 वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। ऐसे विषयों में और उपलब्धियों के ऐसे मानकों के साथ, जो निर्धारित किए जा सकते हैं, समकक्ष के रूप में मान्यता प्राप्त है।

पाठ्यक्रमों के प्रकार ( **Types of Courses** )

इस कार्यक्रम में प्रवेश पाने वाले छात्र को परीक्षा की योजना में उल्लिखित निम्नलिखित प्रकार के पाठ्यक्रमों से गुजरना और सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है:

| क्र.सं. | कोर्स का प्रकार | चयन के लिए विकल्प |
|---|---|---|
| | प्रमुख विषय Major Subject | एक छात्र को पहले सेमेस्टर में परीक्षा की इस योजना में दिए गए खंड 4 के तहत तालिका 3 में दिए गए समूहों में से किसी एक समूह से एक 'प्रमुख' विषय का चयन करना आवश्यक है। यह प्रमुख विषय सभी सेमेस्टर के लिए जारी रहेगा। |
| | गौण विषय Minor subject | एक छात्र को प्रमुख विषय के समूह में विषय को छोड़कर तालिका संख्या 3 खंड 4 के तहत किसी एक समूह से किसी एक 'मामूली' विषय का चयन करना आवश्यक है। |
| | ऐच्छिक Open Elective | एक छात्र को संबंधित सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म भरने से पहले किसी भी संकाय में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी कार्यक्रम के 'ओपन इलेक्टिव बास्केट' (अनुलग्नक ---) से 'ओपन इलेक्टिव' का चयन करना आवश्यक है। इस तरह के 'ओपन इलेक्टिव' को किसी छात्र द्वारा 'प्रमुख' या 'मामूली' विषयों के रूप में चुने गए विषयों में से नहीं चुना जा सकता है। |
| | व्यावसायिक कौशल पाठ्यक्रम (वीएससी) Vocational Skill Course (VSC) | एक छात्र को परीक्षा की इस योजना में उल्लिखित 'व्यावसायिक कौशल पाठ्यक्रम' को सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है। यह पाठ्यक्रम किसी छात्र द्वारा चुने गए 'प्रमुख' के अनुरूप पाठ्यक्रम होना चाहिए। |
| | कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) Skill Enhancement Course (SEC | एक छात्र को इस उद्देश्य के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई टोकरी से 'कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम' का चयन करना आवश्यक है। इस संबंध में एक अलग अधिसूचना और दिशानिर्देश विश्वविद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| | योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसी) Ability Enhancement Course (AEC) | एक छात्र को परीक्षा की इस योजना में उल्लिखित 'क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम' से गुजरना और सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है। |
| | भारतीय ज्ञान प्रणाली पाठ्यक्रम (आईकेएस) Indian Knowledge System Course (IKS) | एक छात्र को परीक्षा की इस योजना में उल्लिखित 'भारतीय ज्ञान प्रणाली पाठ्यक्रम' से गुजरना और सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है। इस उद्देश्य के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आईकेएस पाठ्यक्रमों की सूची (विषयवार) प्रकाशित की जाएगी। |
| | मूल्य शिक्षा पाठ्यक्रम (वीईसी) Value Education Course (VEC) | एक छात्र को परीक्षा की इस योजना में उल्लिखित 'मूल्य शिक्षा पाठ्यक्रम' से गुजरना और सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है। |
| | सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम (सीसी) Co-Curricular Course (CC) | एक छात्र को बी.ए. कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले निर्देश/विनियम के तहत प्रदान की गई टोकरी में से एक 'सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम' का चयन करना आवश्यक है। यह पाठ्यक्रम उस कॉलेज से पूरा किया जाना चाहिए जहां छात्र ने प्रवेश लिया है और इस प्रकार के पाठ्यक्रम के लिए क्रेडिट हस्तांतरण की अनुमति नहीं है |
| | फील्ड प्रोजेक्ट (एफपी)/ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी)/ कम्युनिटी एंगेजमेंट प्रोजेक्ट (सीईपी)/ रिसर्च प्रोजेक्ट (आरपी) | एक छात्र को कॉलेज द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक/संरक्षक के मार्गदर्शन में परीक्षा की योजना में उल्लिखित इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा। यह पाठ्यक्रम 'प्रमुख' के अनुरूप होना चाहिए। |
| श्रीमती बिंझानी महिला महाविद्यालय, महाल, नागपुर में ''प्रमुख विषय ' की उपलब्धता | | |
| | संबद्ध कार्यक्रम द्वारा स्वीकृत प्रवेश 'मेजर' को 'मेजर' कोड की पेशकश की जाएगी | 'प्रमुख' की पेशकश की जानी है |
| | ग्रुप अ | अंग्रेजी साहित्य, मराठी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत साहित्य |
| | ग्रुप बी | अंग्रेजी, मराठी, हिंदी, संस्कृत |
| | ग्रुप सी | इतिहास |
| | ग्रुप डी | अर्थशास्त्र |
| | समूह ई | राजनीति विज्ञान दर्शन विज्ञान |
| | ग्रुप एफ | गृह – अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान |
| | ग्रुप जी | संगीत |

Minor Subject गौण विषय: बी.ए. कार्यक्रम की पेशकश के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज 'प्रमुख' विषयों के समूह में विषय को छोड़कर दिए गए किसी एक समूह से Minor subject की पेशकश कर सकते हैं। छात्रों के लिए केवल एक 'माइनर' विषय चुनना अनिवार्य है, जो स्पष्ट रूप से उनके द्वारा पहले से चुने गए प्रमुख विषय या प्रमुखों के समूह के अलावा होगा।

# महत्त्वपूर्ण सूचनाएं

**सूचना फलक (Notice Board) :–** छात्राओं को प्रतिदिन सूचना फलक पर लगाई गई सूचनाएँ पढ़ना अनिवार्य है क्योंकि इन्हीं के द्वारा छात्राओं को विभिन्न आवश्यक सूचनाएँ दी जाती हैं। व्यक्तिगत रूप से किसी भी छात्रा को कोई भी सूचना नहीं दी जाती है।

**आवश्यक उपस्थिति :–** प्रत्येक छात्रा की प्रत्येक विषय में 75/80% उपस्थिति आवश्यक है। लेक्चर्स, ट्यूटोरियल्स, प्रॅक्टिकल, स्टडी व्हिजिट्स, पी.टी., फिजिकल एफिशियेन्सी टेस्ट, युनिट टेस्ट, टर्मिनल तथा प्रमोशन परीक्षाएँ, सभी में उपस्थिति अनिवार्य है। अन्यथा नियमानुसार दण्ड किया जाएगा। विद्यापीठ/बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिये आवश्यक उपस्थिति रहनी ही चाहिये।

**परीक्षा :–** महाविद्यालय की दोनों सत्र की परीक्षाओं के प्रत्येक विषय में निम्नानुसार अंक मिलना आवश्यक है। ज्युनिअर कॉलेज– ३५%, सीनिअर कॉलेज ३०%। अस्वस्थता के कारण परीक्षा में अनुपस्थिति के लिए डॉक्टर का प्रमाणपत्र अथवा तत्संबंधी लिखित सूचना व्यक्तिगत रूप अथवा डाक द्वारा परीक्षा समाप्त होने के पूर्व महाविद्यालय में देना आवश्यक है, अन्यथा दण्ड किया जायेगा। विद्यापीठ/बोर्ड परीक्षा फार्म भरने संबंधी सूचनाएँ सूचनाफलक पर ही लगाई जाएँगी।

कक्षा ११ वी में अनुत्तीर्ण छात्र पुन: प्रवेश ले सकते है या फिर से अगले साल ११ वी की परीक्षा दे सकते हैं।

**वाचनालय :–** वाचनकक्ष में पढ़ने तथा पुस्तकें घर ले जाने के लिए अलग–अलग ग्रंथालय कार्ड दिये जाते हैं। ग्रंथालय से ली हुई पुस्तकें निर्धारित तिथि तक लौटाना आवश्यक है, अन्यथा प्रतिदिन १ रु. लेट फी ली जाएगी। विभिन्न पत्र–पत्रिकाएँ तथा समाचार पत्र ग्रंथालय वाचनकक्ष में ही उपलब्ध किये जा सकेंगे।

वाचनकक्ष में पूर्ण शांति रखना आवश्यक है।

ग्रंथालय से ली गई पुस्तकें आंशिक या पूर्ण रूप से फटी स्थिति में वापस आने पर पुस्तक की पूरी कीमत छात्रा को देनी होगी।

**प्रवेश व परिचयपत्र (Admission & I-Card) :–** छात्राओं को महाविद्यालय में अपना परिचय पत्र रोज अनिवार्य रूप से साथ रखना है। ग्रंथालय, कार्यालय, प्रयोगशाला, परीक्षा तथा विभिन्न महाविद्यालयीन गतिविधियों में माँगे जाने पर परिचय–पत्र दिखाना अनिवार्य है। परिचय पत्र साथ में न होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अन्य संस्थाओं या महाविद्यालय की स्पर्धाओं या कार्यक्रमों में भाग लेते समय भी परिचय–पत्र अवश्य अपने पास रखें। महाविद्यालय में छात्राओं को मोबाईल फोन लाना सख्त मना है। छात्राओं के पास यदि मोबाईल फोन पाया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी एवं आर्थिक दण्ड भी किया जाएगा।

**पालक वर्ग के लिये :–** पाल्य की उपस्थिति, अध्ययन, परीक्षा रिजल्ट आदि के संबंध में पालक की जागरुकता भी महत्वपूर्ण रहती है। पालक वर्ग का इस संदर्भ में महाविद्यालय के साथ संपर्क रखना आवश्यक है।

**प्रवेश संबंधी सूचनाएँ :**

1) माध्यम : पढ़ाई का माध्यम हिन्दी अथवा मराठी रहेगा।
2) छात्राओं को उपलब्ध विषयों के चयन के लिए निम्न आधार पर प्राथमिकताएँ दी जाएँगी – छात्राओं को प्राप्त अंक, उत्तीर्ण होने हेतु प्रयासों की संख्या, विषय की उपलब्धता।
3) प्रवेश लेते समय चुने गये या दिये गये विषय किसी भी कारणवश बदले नहीं जाएँगे। अत: विषयों का चुनाव सावधानी पूर्वक करना चाहिये।
4) अपने महाविद्यालय से बारहवीं उत्तीर्ण सभी छात्राओं को सीनियर कॉलेज में **प्रवेश देने के लिए महाविद्यालय बाध्य नहीं है।**
5) प्रवेश के पश्चात यदि बोर्ड या विद्यापीठ द्वारा छात्रा प्रवेश हेतु अपात्र मानी गई तो उसे तुरन्त महाविद्यालय छोड़ना होगा। आवेदन पत्र के साथ भरा हुआ शुल्क तथा दिये हुये प्रमाणपत्र वापिस नहीं किए जाएँगे।
6) प्रवेश फार्म देते समय मार्कलिस्ट (अंकसूची) व सभी प्रमाणपत्रों की झेरॉक्स कॉपी अपने पास भी अवश्य रखें।

| ANTI RAGGING COMMITTEE | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Ujwal Lanjewar | Principal Chairman | 9822727665 |
| 2. | Dr. Deepa Balkhande | Member Teacher Representative | 7769952912 |
| 3. | Dr. Archana Gupta | Member Teacher Representative | 9822691335 |
| 4. | Ms. Ragini Kokarde | Member Non-Teaching Representative | 8552992292 |

## Jeevan Shikshan Abhiyan Program Life Skill Courses run under the Department of Continuing and Adult Education & Extension, RTM Nagpur University, Nagpur.

| | |
|---|---|
| 1 | Certificate Course in Research Methodology |
| 2 | Certificate Course in Psychological Testing& Counseling |
| 3 | Certificate Course in Digital Marketing |
| 4 | Certificate Course in Certificate course in Writing skills |
| 5 | Certificate Course in Kitchen Garden |
| 6 | Certificate Course in Certificate Course in Basic Knowledge of Marathi Grammer |
| 7 | Value-added Course on Ethics of success |
| 8 | Certificate Course पत्रकारीता और मिडीयालेखन |
| 9 | Certificate Course in Life Skills |
| 10 | Certificate Course in Ancient, Medieval & Modern Indian Art & Architecture |
| **In collaboration with Chitnavis Center** | |
| 11 | Certificate course in Beauty parlour |
| 12 | Certificate course in Employability Skills |
| **In collaboration with the Chitnavis Center and NIIT (National Institute of Information Technology)** | |
| 13 | Certificate course in Basic Computers |
| 14 | Certificate course in Desk Top Publishing |
| **Dhyey Academy** | |
| 15 | Certificate course in Competitive Examination |
| **In collaboration with Swara Academy and Shri Samarth Sharda Sugam Sangit Sanstha** | |
| 16 | Geet Prathama (affiliated to Bhartiya Sugam Sangit Mahavidyapith, Thane) |

## ●● शुल्क (फी) संबंधी सूचनायें

1) **जिन छात्राओं को किसी प्रकार की शुल्क माफी सुविधा या शिष्यवृत्ति मिल सकती है उन्हें प्रवेश लेते समय निर्धारित योग्य फार्म भरना आवश्यक है अन्यथा किसी प्रकार की सुविधा या शिष्यवृत्ति प्राप्त नहीं होगी।**
2) प्रवेश लेते समय भरा गया शुल्क प्रवेश रद्द होने पर वापस नहीं मिलेगा।
3) **ई शिष्यवृत्ति सुविधा :** इस सुविधा के अंतर्गत छात्राओं को On-line शिष्यवृत्ति फार्म भरना होगा तथा उसकी हार्ड कॉपी महाविद्यालय के शिष्यवृत्ति फार्म के साथ जोड़ना आवश्यक है। **यदि छात्राएँ किसी प्रकार की शिष्यवृत्ति या सुविधा का फार्म नहीं भरती है तो उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा प्राप्त नहीं होगी।**

**सरकार द्वारा शिष्यवृत्ति तथा आर्थिक सहायता**

| क्र. | शिष्यवृत्ति |
|---|---|
| 1) | अनुसूचित जाति/जमाती/विजा/विमाप्र } Mahadbt Portal |
| 2) | इतर मागासवर्गीय (ओ.बी.सी.) शिष्यवृत्ति } Mahadbt Portal |
| 3) | अपंग शिष्यवृत्ति |
| 4) | अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं के लिए मैट्रिकोत्तर शिष्यवृत्ति |
| 5) | गुणवत्ता शिष्यवृत्ति |
| 6) | राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज अनु. जाति गुणवत्ता शिष्यवृत्ति |
| 7) | स्वातंत्र्य संग्राम सैनिक शिष्यवृत्ति |
| 8) | भारत सरकार की राष्ट्रीय शिष्यवृत्ति |
| 9) | संस्कृत संस्थान शिष्यवृत्ति |
| 10) | राष्ट्रीय ऋण शिष्यवृत्ति |
| 11) | अहिन्दी भाषी शिष्यवृत्ति |
| 12) | प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षकों की कन्याओं को गुणवत्ता शिष्यवृत्ति |
| 13) | महाविद्यालयीन शिष्यवृत्ति |
| 14) | ई.बी.सी. गुणवत्ता शिष्यवृत्ति |
| 15) | विद्यार्थी सहाय्य निधि शिष्यवृत्ति |
| 16) | सेन्ट्रल सेक्टर शिष्यवृत्ति |
| | **सुविधा** |
| 1) | राजश्री छत्रपती शाहू महाराज शिष्यवृत्ती. |
| 2) | प्राथमिक शिक्षकों की कन्याओं को सुविधा |
| 3) | एक्स मिलिटरी मेन कन्सेशन (सुविधा) |
| 4) | एस.एस.सी./डी.एड. कन्सेशन |
| 5) | सवलत शुल्क माफी सुविधा |
| 6) | भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्वाधार योजना (SC, अनुसूचित जाती करीता) |

**स्कॉलरशीप के लिये लगनेवाले दस्तावेज**

विद्यार्थीयोने शिष्यवृत्ती निचे दिये गये प्रमाणपत्र के साथ जोडीये।

१. टी.सी. की झेरॉक्स प्रत
२. मार्कलीस्ट की झेरॉक्स प्रत
३. विद्यार्थीकी जात प्रमाणपत्र और नॉन क्रिमिलीयर प्रमाणपत्र
४. डोमेसाईल प्रमाणपत्र
५. उत्पन्नके प्रमाणपत्र पिछले साल के
६. आधार कार्ड की झेरॉक्स प्रत
७. महाविद्यालय के पहचान पत्र (२०२१-२२)
८. ॲडमिशन स्लीप
९. राष्ट्रीयकृत बँक के पासबुक (आधारकार्ड लिंक के साथ)
१०. अपत्य प्रमाणपत्र / हमीपत्र
११. पिता की मृत्यु हुई हो तो माता के उत्पन्न का प्रमाणपत्र जोडे और पिता का मृत्युपत्र जोडे.
१२. शिक्षा मे/शिष्यवृत्ती मे गॅप हुई हो तो जिल्हे से गॅप प्रमाणपत्र तयार करके लाये।

**स्वयं अनुशासन से कॉलेज का नाम कमाइये – गँवाइये नहीं**

# छात्र प्रोत्साहन निधि योजना

श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ द्वारा सत्र २०२१-२२ से छात्र प्रोत्साहन निधि योजना को लागू की गयी है, जिसमें पूर्व छात्र संघ उदार दानदाताओं से रु. ५०००/- (कक्षा बी. ए. प्रथम-द्वितीय-तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए) तथा रु. ३०००/- (कक्षा १२ वी की छात्राओं के लिए ) दानराशि एकत्रित करता है, और चयन समिति द्वारा चयनित छात्राओं का शैक्षिक खर्च उस निधि से किया जाता है. इसमें प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क, एवं शैक्षिक साहित्य का खर्च शामिल है. इस योजना के अंतर्गत छात्राओं का चयन निम्न मानदंडों पर किया जाता है -

- शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता
- महाविद्यालय की गतिविधियों में, कक्षा में सक्रीयता
- शिक्षा के लिए आर्थिक आवश्यकता की स्थिति

# कॉलेज यूनिफार्म

**यूनिफार्म से सम्बंधित छात्रों के लिए कार्यान्वयन दिशानिर्देश**

१) श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र को दिया गया युनिफॉर्म पहनना अनिवार्य है और किसी मंच पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते समय निर्धारित युनिफॉर्म पहननी होती है।

२) छात्र को युनिफॉर्म के सभी घटकों को ठीक से पहनना होगा।

३) छात्र की यूनिफॉर्म साफ-सुथरी रखनी होगी।

४) छात्र को बुधवार को छोड़कर सोमवार से शनिवार तक युनिफॉर्म पहननी चाहिए।

५) बुधवार के दिन छात्र अपनी पसंद की कोई भी सभ्य सिविल ड्रेस पहन सकते हैं।

६) छात्र को पूरा लुक देने के लिए यूनिफॉर्म के साथ-साथ जूते भी पहनने चाहिए

७) छात्रों को उचित वर्दी में उपस्थिति के बिना कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

८) छात्र को जुर्माना भी देना होगा - अगर वह उचित युनिफॉर्म में कपड़े पहनने में विफल रहता है।

९) छात्र को कॉलेज समय के दौरान या उसके बाद कॉलेज यूनिफॉर्म में कहीं भी इधर-उधर न भटकते हुए यूनिफॉर्म की गरिमा बनाए रखनी होगी। इस तरह के गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से संस्थान की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचने पर छात्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

१०) छात्रों को युनिफॉर्म पहनने और विभिन्न मंचों पर संस्थान का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करना चाहिए।

प्रक्रिया

१. प्रवेश लेने वाले छात्र को प्रवेश लेने के उपरान्त महाविद्यालय में नियत लिपिक को एकसमान शुल्क जमा करना होगा।

२. विद्यार्थी को बिना किसी किश्त की अपेक्षा के युनिफॉर्म की कुल लागत जमा करनी होगी।

३. प्रवेश लेने वाले छात्र को युनिफॉर्म की उचित फिटिंग के लिए माप देने के लिए महल में आरोह संस्था से संपर्क करना होगा।

४.छात्र के पास पहनने के लिए नीले रंग की जींस होनी चाहिए, साथ ही कॉलेज द्वारा प्रदान की जाने वाली युनिफॉर्म जिसमें नीले रंग का कुर्ता और गहरे नीले रंग का बिना आस्तीन का जैकेट शामिल है।

५. यूनिफॉर्म को कंप्लीट लुक देने के लिए स्टूडेंट को ड्रेस के साथ जूते भी पहनने चाहिए।

६. छात्रों को कॉलेज शुरू होने के बाद उचित यूनिफॉर्म खरीदने के लिए आठ दिनों का मार्जिन दिया जाएगा। इसके बाद बिना यूनिफॉर्म के कॉलेज आने पर छात्रा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

1) 11 वीं व 12 वीं कक्षा की जो छात्राएँ निम्न सभी शर्तें पूर्ण करती हैं, उन्हें शिक्षण शुल्क नहीं भरना पड़ेगा
   - अ) छात्रा के माता पिता पिछले पन्द्रह वर्षों से महाराष्ट्र राज्य के निवासी हों।
   - ब) छात्रा अपने माता पिता की प्रथम/द्वितीय/तृतीय संतान हो।
   - क) अनुत्तीर्ण होने वाली छात्रा को यह सुविधा नहीं मिलेगी।
2) जिन छात्राओं के पालकों की वार्षिक आय रु. 1,00,000/- (एक लाख) तक सीमित है, उन्हें ई.बी.सी. सुविधा मिल सकती है, जिसके लिए प्रवेश लेते समय ई.बी.सी./On Line फॉर्म भरना आवश्यक है तथा तहसीलदार द्वारा प्रमाणित किया हुआ वार्षिक आमदनी का प्रमाणपत्र भी आवश्यक है।
3) अ) अनुसूचित जाति/जमाती (SC/ST) की जिन छात्राओं के पालकों की वार्षिक आय रु. 2,00,000/- तक सीमित है वे भारत सरकार की शिष्यवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं।
   - ब) V.J./N.T., O.B.C. व S.B.C. की जिन छात्राओं के पालकों की वार्षिक आय रु. 1,00,000/- तक सीमित है वे भारत सरकार की शिष्यवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु संबंधित तहसीलदार द्वारा प्रमाणित किया हुआ वार्षिक आमदनी का प्रमाणपत्र आवश्यक है।
4) छात्रा द्वारा भरा हुआ शिष्यवृत्ति (Scholarship) अथवा सुविधा (Concession) आवेदनपत्र किसी कारणवश सरकार द्वारा अस्वीकृत किये जाने पर, संबंधित छात्रा को महाविद्यालय के शिक्षण शुल्क सहित संपूर्ण शुल्क की राशि तुरन्त भरना आवश्यक है, अन्यथा उसे विद्यापीठ/बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र नहीं दिया जाएगा।
5) जिन छात्राओं की शिष्यवृत्ति मंजूर होगी उन्हें बैंक में Account खोलना पड़ेगा। सरकार द्वारा छात्राओं को दी जाने वाली मेन्टनेंस अलाउंस की राशि उनके एकाउंट में ऑन लाइन जमा की जाएगी।
6) शिष्यवृत्ति या सुविधा मंजूर होने के दो वर्ष बाद तक यदि कोई छात्रा वह लेने नहीं आएगी तो वह राशि सरकार को वापिस कर दी जाएगी।
7) महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. टी.इंदिरा राव द्वारा सत्र 2006-07 से खुला संवर्ग की छात्राओं के लिये एक विशेष छात्रवृत्ति (राशि 1,250 रु वार्षिक) आरंभ की गई है जो ग्यारहवीं की किसी एक छात्रा को प्रदान की जाएगी। यदि यह चयनित छात्रा बी.ए. अंतिम वर्ष तक महाविद्यालय में अपनी शिक्षा जारी रखती है तो 5 वर्ष तक छात्रवृत्ति उसे ही मिलेगी अन्यथा ग्यारहवीं की अन्य छात्रा का चयन किया जायेगा।
8) ना.शि.मंडल के उपाध्यक्ष श्री रमेश खानझोडे द्वारा संगीत विषय की सर्वोत्कृष्ट छात्रा के लिए 5000 की शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी।
9) डॉ. राम केळापुरे द्वारा सत्र 2013-14 से एक विशेष छात्रवृत्ति (राशि 2000 रु. वार्षिक) आरंभ की गई है जो पढ़ाई में विशेष दक्षता रखने वाली जरूरतमन्द छात्रा को दिया जायेगा।
10) महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थी सहायता निधि (Student's Aid Fund) से शुल्क में मदद की जाती है।
11) ना.शि. मंडल के उपाध्यक्ष श्री रमेश खानझोडे द्वारा मराठी साहित्य विषय की सर्वोत्कृष्ट छात्रा के लिये 5000 रु. की शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी।

**महाविद्यालयीन नियम व विशेष सूचनाएँ**

1) प्रयोगशाला एवं ग्रंथालय के नियमों का पालन अनिवार्य है।
2) तीन दिनों से अधिक अनुपस्थित रहने पर महाविद्यालय को सूचित करना अनिवार्य है। खेल या किसी कॅम्प में यदि जाना हो तो अपने विषय के प्राध्यापकों को सूचित करना आवश्यक है। अन्यथा उपस्थिति का विचार नहीं किया जाएगा।
3) बोलचाल और व्यवहार में संयम रखें।
4) शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों से बात करते समय उनके सम्मान का ध्यान रखें।
5) शिक्षक के बैठने की जगह का सम्मान करें।
6) बोर्ड पर कुछ लिखना चाहें तो सिर्फ सुविचार लिखें।
7) कक्षा में रखा गया फर्नीचर किसी भी कारण कक्षा के बाहर न लाया जाये।
8) जब कक्षाएँ चल रही हों तब कक्षाओं के बाहर अनावश्यक रूप से खड़े होना या शोर करना अनुशासनहीनता मानी जाएगी और संबंधित छात्राओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
9) छात्राएँ अपना शैक्षणिक स्तर बेहतर करने के लिए संबंधित प्राध्यापकों से उनके खाली पीरियड में अतिरिक्त मार्गदर्शन ले सकती हैं।

**उपर्युक्त नियमों व सूचनाओं का पालन अनिवार्य है।**

# श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय

**महाल, नागपूर**

## नागपूर शिक्षण मंडळाची व्यवस्थापन समिती

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री मोहित शाह | अध्यक्ष |
| 2. | श्री व्ही.डी. बिंझाणी | उपाध्यक्ष |
| 3. | ॲड. राजीव देव | सचिव |
| 4. | श्री चंद्रकिशोर चांडक | सदस्य |
| 5. | श्री. मथुरादासजी पनपालीया | सदस्य |
| 6. | श्रीमती डॉ. विभावरी दाणी | सदस्य |
| 7. | ॲड. श्री राजेन्द्र राठी | सदस्य |
| 8. | श्रीमती डॉ. व्ही.आर. खानझोडे | सदस्य |
| 9. | श्री महेश अग्रवाल | सदस्य |
| 10. | श्री मधुसुदन बिंझाणी | सदस्य |
| 11. | ---- | सदस्य |
| 12. | डॉ. एस.जी. मैत्रे (प्राचार्य) | एक्स ऑफीस |
| 13. | डॉ. जे.आर. दोंतुलवार (प्राचार्य) | एक्स ऑफीस |
| 14. | डॉ. उज्वल लांजेवार (प्राचार्य) | एक्स ऑफीस |
| 15. | श्रीमती एम.ए. यावलकर (मुख्यधापीका) | एक्स ऑफीस |
| 16. | श्रीमती ए.एस. डे (मुख्यधापीका) | एक्स ऑफीस |

मुद्रक
यश ऑफसेट
नागपूर

As directed by Maharashtra Public University Act. 2016 Clause 97 (I)

N.S.M.'s

# SMT. BINZANI MAHILA MAHAVIDYALAYA

MAHAL, NAGPUR.

## COLLEGE DEVELOPMENT COMMITTEE (C.D.C.) 2025 - 2026

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Shri Mohit Shah | - | Chairman |
| 2. | Shri Rajeev Deo | - | Member |
| 3. | Shri Gopi Pille | - | Member |
| 4. | Dr. Smt. Vibhawari Dani | - | Member |
| 5. | Shri Chandrakishor Chandak | - | Member |
| 6. | Dr. Smt. Suchita Marathe | - | Head, Department of English |
| 7. | Dr. Smt. Archana Gupta | - | Teacher Representative |
| 8. | Dr. Smt. Aparna Choudhary | - | Teacher Representative |
| 9. | Dr. Smt. Charuta Joshi | - | Teacher Representative |
| 10. | Smt. Ragini Kokarde | - | Non-Teaching Representative |
| 11. | Dr. Smt. Amruta Bhuskute | - | IQAC Co-ordinator |
| 12. | Smt. Mona Kale | - | Member (Ex-student) |
| 13. | Ms. Sneha Shripad | - | Student's Representative |
| 14. | Dr. Ujwal Lanjewar | - | Principal |

## Members of the School Committee

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Shri Mohit Shah | - | Chairman |
| 2. | Shri Rajeev Deo | - | Member |
| 3. | Shri Gopi Pille | - | Member |
| 4. | Dr. Smt Vibhawari Dani | - | Member |
| 5. | Ms. Rupa Vyas | - | Teacher Representative |
| 6. | Dr. Ujwal Lanjewar | - | Principal |

आत्म अनुशासन उत्तम अनुशासन है....

# Jute Bag Making workshop by Aaroh and SIDBI






## करिअर संसदेची स्थापना व करिअर डायरीचे वितरण



## Internship at Aaroh Mahal Centre



### महाराष्ट्र राज्य उच्च व तंत्र शिक्षण विभाग आणि महाराष्ट्र माहिती तंत्रज्ञान सहाय्यता केंद्र

यांच्या संयुक्त विद्यमाने

महाविद्यालय कोड 125

## करिअर कट्टा

युवकांच्या सर्वांगीण विकासासाठी.....

महाविद्यालयाचे नाव : श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय
प्राचार्यांचे नाव : डॉ. उज्वल लांजेवार
महाविद्यालयीन समन्वयकाचे नाव : डॉ. चारुता जोशी

### करिअर कट्टा अंतर्गत समाविष्ट उपक्रम

1000 दिवस सातत्याने मार्गदर्शन

- आय.ए.एस. आपल्या भेटीला
- राज्य पातळीवरील स्पर्धा परीक्षा/ महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग
- पोलीस भरती
- बँकिंग सेवा
- स्टाफ सिलेक्शन कमिशन
- केंद्रीय पातळीवरील स्पर्धा परीक्षा (UPSC)
- उद्योजक आपल्या भेटीला
- उद्योजकीय व्यक्तिमत्व विकास
- व्यवस्थापकीय कौशल्य व प्रत्यक्ष उद्योजकांचे मार्गदर्शन
- वित्त व्यवस्थापन
- निर्णय क्षमता * जोखीम व्यवस्थापन
- मनुष्यबळ व साधनसामुग्री व्यवस्थापन
- आधुनिक तंत्रज्ञान
- भारतीय संविधानाचे पारायण
- पर्यावरण शास्त्र अभ्यासक्रम
- सेंटर ऑफ एक्सलन्स
- स्पर्धा परीक्षा पुर्व तयारी व अभ्यासिका
- उद्योजकता विकास केंद्र
- मॉडेल स्किल डेव्हलपमेंट सेंटर

50 ॲडऑन कोर्सेस मोफत

हेल्पलाईन नं. : 750 765 2555 ◄ नाव नोंदणी व अधिक माहितीसाठी आपले नाव या नंबरवर व्हॉटस्अॅप करा. महाविद्यालयीन समन्वयक : डॉ. चारुता जोशी

## FREE

## BASIC COMPUTER COURSE & TALLY

- MS-EXCEl
- MS-POWERPOINT
- MS-WORD
- TALLY

## GRANTED NATIONAL SKILL DEVELOPMENT CENTRE, GOVT. OF INDIA

N·S·D·C National Skill Development Corporation — Transforming the skill landscape | MSSDS | Skill India कौशल भारत - कुशल भारत | PMKUVA | कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT AND ENTREPRENEURSHIP




- फॅशन डिझाईनमधील ६ महिन्यांचा प्रमाणपत्र अभ्यासक्रम (असिस्टंट डिझायनर - फॅशन, होम आणि मेड-अप)
- फक्त महिलांसाठी
- वयोमर्यादा : १८ वर्षे ते ४० वर्षे
- साहित्य आणि प्रशिक्षणासाठी कोणतेही शुल्क नाही
- उपस्थिती अनिवार्य
- १००% जॉब/प्लेसमेंट सहाय्य


## SCHOLARSHIP

- गरजू विद्यार्थींना आर्थिक मदत
- भारत सरकार शिष्यवृत्ती
- माजी विद्यार्थिनी संघटने द्वारे छात्र प्रोत्साहन निधी योजना
- सर गंगाधरराव चिटणवीस संस्थेतर्फे आर्थिक सहाय्य योजना

# STAR STUDENTS 12TH BOARD EXAM-2025



**Anushree Ujwane**
89%




**Anjali Singh**
82.33%



**Sarvada Joshi**
80.67%



**Nikita Parsulkar**
77.33%



**Ruchika Devhare**
76.50%

## PLACEMENTS THROUGH EARN AND LEARN SCHEME



**Riya Khapre**
Sem VI



**Nishal Madhumatke**
Sem VI



**Bhavana Thavkar**
Sem IV

## PLACEMENTS THROUGH ANKHUB TECHNOLOGY SERVICES



**Rupali Dharmik**
B.A. (Final)



**Nikita Gedam**
B.A. (Final)



**Yashoda Sapelkar**
B.A. (Final)



**Nisha Raut**
B.A. (Final)


नागपूर शिक्षण मंडळ

**श्रीमती बिंझाणी महिला महाविद्यालय**

महाल, नागपूर. फोन : २७२२८६०

Website : binzanimahilamahavidyalaya.ac.in | E-mail : sbmm1961@gmail.com


D&P YASH OFFSET, Nagpur. 9922461777